भारत सरकार
सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय

**राज्य सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं.2073**
21.03.2022 को उत्तर देने के लिए

## वर्ष 2020 में जीडीपी में गिरावट

2073. श्री मल्लिकार्जुन खरगेः

क्या सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि वर्ष 2020 के दौरान देश की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में आई गिरावट सभी जी20 देशों में आई गिरावट में सबसे बड़ी गिरावट थी;
(ख) यदि हाँ, तो देश को अन्य जी20 देशों के समतुल्य रखने के लिए कौन से बेहतर कदम उठाए जा सकते थे तथा ऐसा नहीं किए जाने के क्या कारण हैं;
(ग) जीडीपी की गणना करने की पद्धति तथा गणना के लिए अपनाए जाने वाले सभी मानदंडों का ब्यौरा क्या है;
(घ) क्या जीडीपी आंकड़ों की गणना करते समय असंगठित क्षेत्र की स्थिति को भी ध्यान में रखा जाता है; और
(ड.) यदि हाँ, तो जीडीपी गणना में अनौपचारिक क्षेत्र के प्रभाव को सम्मिलित करने के लिए अपनाई गई पद्धति का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), योजना मंत्रालय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय राज्य मंत्री [राव इंद्रजीत सिंह]

(क): जी नहीं । अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) द्वारा जारी वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक, अक्टूबर 2021 के अनुसार, वर्ष 2020 के दौरान जीडीपी में आई गिरावट सभी जी20 देशों में भारत के लिए सबसे अधिक नहीं थी। वर्ष 2020 के लिए जी20 देशों की वास्तविक जीडीपी वृद्धि अनुलग्नक-I में दी गई है।

(ख): प्रश्न नहीं उठता ।

(ग): 2011-12 श्रृंखला के तहत जीडीपी को राष्ट्रीय लेखा प्रणाली (एसएनए) 2008 के अनुपालन में संकलित किया जाता है जो इस उद्देश्य के लिए संयुक्त राष्ट्र द्वारा संस्तुत नवीनतम मानक है। एसएनए की संस्तुति के अनुसार, जीडीपी को तीन दृष्टिकोणों नामतः उत्पादन दृष्टिकोण, व्यय दृष्टिकोण और आय दृष्टिकोण से संकलित किया जाता है । उत्पादन दृष्टिकोण को मजबूत दृष्टिकोण के रूप में माना जाता है। विस्तृत सकल घरेलू उत्पाद संकलन कार्यप्रणाली दस्तावेज़, नामतः 'राष्ट्रीय खातों की नई श्रृंखला, आधार वर्ष 2011-12 में कार्यप्रणाली और डेटा स्रोतों में परिवर्तन' सार्वजनिक डोमेन में सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है। इसे वेब लिंक https://www.mospi.gov.in/documents/213904/301563//Changes_in_Methodology_NS_2011-12_June_20151602083659578.pdf के माध्यम से देखा जा सकता है ।

(घ) और (ड.): जी हां । राष्ट्रीय लेखों के असंगठित/अनौपचारिक क्षेत्र के अनुमानों को बेंचमार्क अनुमान प्रक्रिया पद्धति द्वारा संकलित किया जाता है जिसमें अनौपचारिक क्षेत्र के आधार वर्ष अनुमानों को औपचारिक क्षेत्रों के कुछ उपयुक्त संकेतकों के माध्यम से आगे बढ़ाया जाता है। जहाँ तक संभव हुआ, वैश्विक महामारी के प्रभाव को ध्यान में रखते हुए विभिन्न कारकों को लागू करके अर्थव्यवस्था में अनौपचारिक क्षेत्र के योगदान का लेखा-जोखा करते समय उचित सावधानी बरती गई।

******

**अनुलग्नक ।**

**'वर्ष 2020 में जीडीपी में गिरावट' के संबंध में दिनांक 21.03.2022 के लिए पूछे गए राज्यसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2073 के उत्तर में संदर्भित विवरण**

**वर्ष 2020 के लिए जी20 देशों की वास्तविक जीडीपी वृद्धि (प्रतिशत परिवर्तन)**

| क्र.सं. | जी20 देश | वास्तविक जीडीपी वृद्धि (प्रतिशत में) |
|---|---|---|
| 1. | अर्जेंटीना | -9.9 |
| 2. | ऑस्ट्रेलिया | -2.4 |
| 3. | ब्राज़ील | -4.1 |
| 4. | कनाडा | -5.3 |
| 5. | चीन | 2.3 |
| 6. | फ्रांस | -8.0 |
| 7. | जर्मनी | -4.6 |
| 8. | भारत* | -7.3 |
| 9. | इंडोनेशिया | -2.1 |
| 10. | इटली | -8.9 |
| 11. | जापान | -4.6 |
| 12. | कोरिया | -0.9 |
| 13. | मेक्सिको | -8.3 |
| 14. | रूस | -3.0 |
| 15. | सऊदी अरब | -4.1 |
| 16. | दक्षिण अफ्रीका | -6.4 |
| 17. | तुर्की | 1.8 |
| 18. | यूनाइटेड किंगडम | -9.8 |
| 19. | संयुक्त राज्य अमेरिका | -3.4 |
| 20. | यूरोपीय संघ | -5.9 |

*प्रेस नोट में प्रकाशित वर्ष 2020-21 के अनुमान, वार्षिक राष्ट्रीय आय 2020-21 के अनंतिम अनुमानों और 2020-21 की चौथी तिमाही (क्यू 4) के लिए सकल घरेलू उत्पाद के तिमाही अनुमानों के अनुरूप हैं । वर्ष 2020-21 के लिए राष्ट्रीय आय, उपभोग व्यय, बचत और पूंजी निर्माण के पहले संशोधित अनुमानों पर प्रेस नोट में इसे संशोधित कर -6.6% कर दिया गया है।

स्रोत: आईएमएफ, वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक, अक्टूबर 2021

*****